झारखण्ड सरकार
झारखण्ड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद

विज्ञापन संख्या : जे॰सी॰ई॰सी॰ई॰बी॰/37/19– 61 ,राँची/दिनांक: 20/10/2020

अभियंत्रण संस्थानों के शैक्षणिक वर्ष–2020–21 में बी0ई0/बी0टेक0 पाठ्यक्रम अंतर्गत विभिन्न शाखाओं में नामांकन हेतु अंतिम राज्य मेधा सूची के आधार पर आयोजित की जाने वाली ऑनलाईन साक्षात्कार से संबंधित अति महत्वपूर्ण सूचना

उच्च, तकनीकी शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग, झारखण्ड सरकार के अधीन विभिन्न अभियंत्रण संस्थानों के बी0ई0/बी0टेक0 पाठ्यक्रम के अन्तर्गत विभिन्न शाखाओं में अभ्यर्थियों के नामांकन हेतु अनुशंसा भेजने के निमित्त अंतिम राज्य मेधा–सूची पर्षद के वेबसाईट http//jceceb.jharkhand.gov.in पर Home page में दिनांक 18.10.2020 को जारी की जा चुकी है।

2. पर्षद द्वारा प्रकाशित विज्ञापन संख्या –जे॰सी॰ई॰सी॰ई॰बी॰/37/19–59 दिनांक–15/10/2020 के आलोक में प्रकाशित अंतिम राज्य मेधा–सूची में सम्मिलित योग्य (Eligible) अभ्यर्थियों/संबंधित अभिभावकों/संबंधित संस्थानों को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि अभियंत्रण पाठ्यक्रमों में नामांकन की अनुशंसा हेतु आयोजित प्रथम एवं द्वितीय ऑनलाईन साक्षात्कार कार्यक्रम निम्नवत् है :–

Time Schedule for 1st Round of Online Counselling for B.E./B.Tech Courses

Sl. No.	Activity	Date
1.	Starting date of Online Registration and Choice Filling for seat Allotment	21.10.2020
2.	Mock Seat Allotment result of Choice filled up to 23.10.2020 (07.00 PM)	28.10.2020 (04.00 PM)
3.	Last date of Online Registration & Choice Filling for seat Allotment and locking	30.10.2020 (07.00 PM)
4.	First Round Seat Allotment result publication date	03.11.2020
5.	Downloading of Provisional seat Allotment Letter (1st Round)	03.11.2020 to 07.11 2020
5.	Documents Verification and Admission in the concerned Engineering Institute	03.11.2020 to 07.11 2020

Time Schedule for 2nd Round of Online Counselling for B.E./B.Tech Courses

Sl. No.	Activity	Date
1.	Seat Allotment and Downloading of Provisional Seat Allotment Letter (2nd Round)	12.11.2020 to 17.11.2020
2.	Documents Verification and Admission in the concerned Engineering Institute	12.11.2020 to 17.11 2020

3. **अभ्यर्थियों द्वारा संस्थान/संस्थानों तथा शाखा/शाखाओं को अपनी प्राथमिकता के अनुसार पर्षद के वेबसाईट पर उपलब्ध "Online Counselling for Admission in Engineering.-2020" Link में Click कर दिये गये दिशा–निर्देशों का अनुसरण करते हुए विकल्पों को भरा जाना है।**

4. **अभ्यर्थियों द्वारा संस्थान/संस्थानों तथा शाखा/शाखाओं का प्राथमिकता के अनुसार विकल्प भरने के लिए पर्षद द्वारा एक ही अवसर दिया जा रहा है। विकल्पों को भरने की संख्या पर कोई प्रतिबंध नहीं है। अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे सीटों के आवंटन हेतु अधिक से अधिक विकल्पों को भरें। द्वितीय साक्षात्कार में विकल्पों का केवल Upgradation (उन्नयन) होगा। अगर अभ्यर्थी को प्रथम साक्षात्कार में प्रथम विकल्प आवंटित हो जाता है तो वे द्वितीय साक्षात्कार के लिये Eligible नहीं होंगे।**

5. **साक्षात्कार शुल्कः–** अभ्यर्थियों द्वारा साक्षात्कार शुल्क Payment Gateway के माध्यम से Credit Card/Debit Card/Net Banking/UPI के द्वारा निम्न तालिका के अनुसार भुगतान किया जाना है जो अप्रतिदेय (Non-refundable) होगा :–

Sl.No.	Category	Counselling Fee
1.	General/EWS/BC-I/BC-II	Rs. 400.00
2.	SC/ST/Female Candidate of all categories	Rs. 250.00

6. **सीट आवंटन हेतु आंशिक नामांकन शुल्क की राशि** :– अभ्यर्थियों को औपबंधिक सीट आवंटन पत्र अधःभारित (Download) करने हेतु आंशिक नामांकन शुल्क रू0 1,000/– की राशि उपरोक्त कंडिका–5 में वर्णित तरीका के ही अनुसार जमा करना अनिवार्य होगा। यदि अभ्यर्थी आवंटित संस्थान में नामांकन लेते हैं तथा अध्ययन जारी रखते हैं तो आंशिक नामांकन शुल्क की राशि शिक्षण शुल्क में समायोजन हेतु संबंधित संस्थान को उपलब्ध करा दी जायेगी अन्यथा आंशिक नामांकन शुल्क की राशि पर्षद द्वारा जब्त (Seize) कर ली जायेगी।

अभ्यर्थियों को औपबंधिक सीट आवंटन पत्र अधःभारित (Download) करने के क्रम में दो विकल्प दिया जायेगा जिसमें एक विकल्प को ☑ करना आवश्यक (Mandatory) है :–

☐ (A) Accepted and participate in next round of Counselling.

☐ (B) Accepted and not participate in next round of Counselling.

उपरोक्त कंडिका (A) या (B) चुनने वाले अभ्यर्थियों को आंशिक नामांकन शुल्क जमा करने पर ही औपबंधिक सीट आवंटन पत्र अधःभारित (Download) होगा।

प्रथम साक्षात्कार में यदि अभ्यर्थी को सीट आवंटित नहीं होता है तो वे अगले चक्र के साक्षात्कार में सीट आवंटन हेतु इंतजार करें।

परीक्षा नियंत्रक के आदेश से,

(रंजीता हेम्ब्रम, झा.प्र.से.)
उप परीक्षा नियंत्रक